मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक एफ-11-2/2004/1/9

भोपाल, दिनांक 19-4-2004

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर्स,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—शासकीय कार्यालय में अधिकारियों/कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित किया जाना.

संदर्भ.—इस विभाग का समसंख्यक ज्ञापन दिनांक 3-1-2004.

उपर्युक्त विषय में इस विभाग का समसंख्यक ज्ञापन दिनांक 3-1-2004 द्वारा शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति जन-सामान्य की समस्याओं का शीघ्र निराकरण आदि के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं.

2. उपरोक्तानुसार जारी किए गए निर्देशों के पालन में अपने कार्यालय कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्ध संचालन का ध्यान रखा जावे इससे निवेदित अभ्यावेदनों/आवेदनों का निर्धारित समय में निराकरण सूचना का अधिकार एवं सिटीजन चार्टर के निर्देसों के बिन्दुओं के अलावा कार्यालय कार्य का संचालन सुचारू रूप से हो, इस हेतु सभी अधीनस्थों को व्यापक निर्देश दिए जाएं एवं प्रत्येक कार्य हेतु जिम्मेदारी तय की जाए. कार्यालय में सम्पादित किए जाने वाले प्रत्येक कार्य हेतु विषय एवं बिन्दुवार संचालन हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे.

3. उपरोक्त निर्देशों का व्यापक प्रचार/प्रसार हो, इस बात को कृपया सुनिश्चित करें.

हस्ता./-
(एस. एस. वानखड़े)
सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग
दूरभाष क्र. 2441452